31/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (AFSPA) को कल से छह महीने के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। अरुणाचल प्रदेश में, AFSPA तिरप, चांगलांग, लोंगडिंग और नामसाई जिले के कुछ क्षेत्रों में लागू है।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कल राजभवन, ईटानगर में **'अरुणाचल प्रदेश संस्कृति, परंपरा और कला त्यौहार'** नामक सांस्कृतिक प्रस्तुति का पहला एपिसोड आयोजित किया। राज्यपाल द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए इस कार्यक्रम की पहल की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** कार्यक्रम के तहत स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों को बढ़ावा देने के लिए राजभवन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोनपा, आदी, पुरोइक, वांचो और न्याशी सहित विभिन्न जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और राज्य की परंपराओं का प्रदर्शन किया।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा है कि, टीम अरुणाचल के रूप में, हम प्रभावशाली कल्याण परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक

बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "रिफ़ॉर्म, पर्फ़ोम, एंड ट्रानस्फोर्म" के दृष्टिकोण के नेतृत्व में, हम अपने राज्य के लोगों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए समर्पित हैं। उपमुख्यमंत्री ने आज चोंगखाम में शहरी परिधि के नामसाई, चोंगखाम, तेजू, रोइंग और ग्रामीण क्षेत्रों के क्लस्टर शहरों के लिए सेप्टेज प्रबंधन और उपचार योजना का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। श्री मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि, 2021-22 की बजट घोषणा के तहत वित्त पोषित यह परियोजना हमारे क्षेत्र में स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि नामसाई, चोंगखाम, रोइंग और तेजू को कवर करने वाला यह प्लांट राष्ट्रीय स्वच्छता लक्ष्यों का समर्थन करेगा। उपमुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में शहरी मामलों के विभाग, नामसाई डिवीजन और मेसर्स एसीई अलायंस प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना को वास्तविकता में लाने में उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने आलू बारी, नौपोटिया के ग्रामीणों और भूमि दाताओं की भी उनके सहयोग और उदारता के लिए सराहना की।

000000000000000000

कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने न्यायमूर्ति वी. बिश्नोई और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान के साथ कल कानूनी जागरूकता शिविर में भाग लेने के लिए तवांग के मंजूश्री विद्यापीठ का दौरा किया। इस शिविर का आयोजन अरुणाचल प्रदेश स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी द्वारा नेशनल लीगल सर्विसेस अथॉरिटी

के सहयोग से किया। सभा को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने मंजूश्री विद्यापीठ द्वारा प्रदान की जा रही मानवीय सेवाओं की सराहना की। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000

परम पावन 14वें दलाई लामा ग्यालवा तेनजिन ग्यात्सो द्वारा 1959 में अपनाए गए मार्ग पर बहुप्रतीक्षित छह दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम आज दोपहर केनजामनी से शुरू हुआ। कार्यक्रम तवांग उपायुक्त कागंकी दारांग की पहल और विधायक के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ट्रैकिंग कार्यक्रम 5 अप्रैल को तवांग के पुंगतेंग में समाप्त होगा, जिस दिन परम पावन दलाई लामा 1959 में तवांग पहुंचे थे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, लुंगला विधायक त्सेरिंग ल्हामू ने यात्रा के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि, "इस यात्रा के तहत, हम परम पावन दलाई लामा के ज्ञान से शक्ति प्राप्त करते हैं और एक शांतिपूर्ण भविष्य की आशा करते हैं। ट्रैकिंग कार्यक्रम के पहले दिन आज 300 प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें जीबी, पीआरआई सदस्य, सीमा रक्षक बलों के जवान, मंक्स एवं पर्यटक शामिल थे।

0000000000000000000

एनजीओ गारुंग थुक के साथ साझेदारी में भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट ने स्थानीय होमस्टे मालिकों, नैचूरेलिस्टिक और शेरगांव में शेरडुकपेन

समुदाय के युवाओं के साथ तीन दिवसीय नैचूरेलिस्टि ट्रैनिंग प्रोग्राम शुरू किया। कार्यशाला रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन और फेलिस द्वारा समर्थित डब्ल्यूटीआई की **'फॉरगॉटन कैट्स ऑफ शेरगांव प्रोजेक्ट'** का एक हिस्सा है। गत 26 से 28 मार्च के तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को क्षेत्रीय जैव विविधता की पहचान कर उसका दस्तावेजीकरण करने, संभावित इकोटूरिज्म मॉडल को समझने और सस्टैंनेबल टूरिस्म को बढ़ावा देने और इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए रणनीति विकसित करने के कौशल से लैस करना है। कार्यशाला में शेरगांव और चुग, मोर्शिंग, तेनजिंग, जिगांव और थोंगलेई सहित पड़ोसी गांवों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000

अरुणाचल युथ पार्लियामेंट अपने दूसरे संस्करण, अरुणाचल युथ पार्लियामेंट 2.0 का आयोजन "युवा इगनाईटेड, स्टेट युनाइटेड" विषय के साथ आगामी 3 और 4 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के डी.के. हॉल में करने जा रहा। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को बहस करने, चर्चा करने और अपने राज्य के भविष्य के लिए समाधान करने लिए एक मंच प्रदान उन्हें सशक्त बनाना है। AYP के अध्यक्ष, दोदुम नातुंग ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, "यह सिर्फ़ एक इवेंट नहीं है - यह एक क्रांति है। AYP 2.0 हमारे युवाओं को अपनी बातें रखने एवं राज्य को आकार देना है। 3 अप्रैल को कार्येक्रम कि शुरुआत “अरुणाचल प्रदेश में बांध: विकास के लिए उत्प्रेरक या स्थिरता के लिए खतरा?” शिर्षक के साथ शुरू होग। जिसमें देरा नातुंग गवर्मेंट कॉलेज और डॉन बॉस्को कॉलेज की टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। 4 अप्रैल को

होने वाले ग्रैंड फिनाले में एक समापन सत्र होगा जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्श करने वोलों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

0000000000000000000